卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 160 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦17 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# चालीस साल पुरानी मार्केट मलवे के ढेर में तब्दील

## आधा दर्जन से अधिक जेसीबी मशीनों ने ध्वस्त की सैकड़ों दुकानें, डीडी चौक से इंदिरा चौक तक हाईवे को किया सील




रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल हाईवे पर रोडवेज के सामने स्थित राम मनोहर लोहिया मार्केट समेत सैकड़ों दुकानों को बचाने के लिए पिछले कई दिनों से लड़ी जा रही व्यापारियों की लड़ाई आखिरकार काम नहीं आयी और प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए चालीस साल पुरानी राम मनोहर लोहिया मार्केट समेत डीडी चौक से इंदिरा चौक तक की सैकड़ों दुकानों को जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान एसएसपी की अगुवाई में जिले भर के साथ ही कुमाऊं की फोर्स भी तैनात रही। रामनगर में आयोजित हो रहे जी 20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पिछले एक सप्ताह से प्रशासन सड़कों के किनारे हुए अतिक्रमण के साथ ही सौंदर्यीकरण के लिये व्यापक तैयारियों में जुटा हुआ है। गुरूवार रात्रि नगर के मुख्य मार्ग के दोनो ओर अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ ही कई जेसीबी मशीनों को तैनात कर दिया। जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया इस बीच आनन फानन में सैकड़ों व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानों का सामान निकालना शुरू कर दिया। जैसा कि संभावना व्यक्त की जा रही थी कि विध नसभा का बजट सत्र समाप्त होते ही प्रशासन द्वारा डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर दुकानों को ध्वस्त कर दिया जायेगा जो सही साबित हुई। शुक्रवार प्रात: से ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने आधा दर्जन से अधिक जेसीबी मशीनों की मदद से सैकड़ों दुकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया। इससे पूर्व प्रशासन द्वारा रात्रि में ही गांधी पार्क के आस पास धारा 144 लगा दी गई थी। साथ ही व्यापारियों के भारी विरोध की संभावना को देखते हुए न सिर्फ जनपद उध मसिंहनगर बल्कि पड़ोसी जनपदों से भी भारी संख्या में पुलिस बल बुलाकर मुख्य स्थानों पर तैनात कर दिया गया था। इतना ही नहीं प्रशासन ने कई व्यापारियों व विरोधी दल के कुछ नेताओं को भी आज तड़के ही उनके घरों से उठाकर पंतनगर थाने में नजर बंद कर दिया था। आज प्रात: लगभग आठ बजे एसएसपी मंजूनाथ टीसी के साथ एसडीएम प्रत्यूष कुमार सिंह व अन्य कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी रोडवेज के सामने पहुंचे और उनके निर्देश पर प्रदेश के सबसे बड़े अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की गई। सबसे पहले राममनोहर लोहिया मार्केट की लगभग सत्तर दुकानों के ध्वस्तीकरण का काम शुरू कर दिया गया। लगभग एक दर्जन जेसीबी मशीनों तथा भारी संख्या में विभागीय कर्मचारियों की मदद से एक के बाद एक दुकानें ध्वस्त होती गइं। इस दौरान किच्छा बाईपास रोड, गांधी पार्क के चारों ओर, (शेष पृष्ठ सात पर)

### अब सुपर मार्केट और बाईपास की बारी?

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रशासन द्वारा आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक सैकड़ों दुकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जिसके पश्चात अब नेहरू मार्केट, सुपर मार्केट तथा विश्वकर्मा मार्केट के व्यापारियों में इस बात का भय व्याप्त हो गया है कि उनकी दुकानें भी कभी भी ढहाई जा सकती हैं। जिसके (शेष पृष्ठ सात पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी

लोकेशन: गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशन: गूलरभोज (6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्ट: पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहर: गदरपुर (4 किमी)

okLrfod [kjhnnkj
l|idl dj&9891277500






### ठुकराल ने विधायक पर साधा निशाना

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि एक साथ रूद्रपुर की सैकड़ों दुकानों को उजाड़ने से पूर्व क्षेत्रीय विधायक को यह मामला विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में उठाना चाहिए था जो उन्होंने नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक साथ सैकड़ों दुकानों के उजाड़े जाने से इससे जुडे हजारों लोगों के समक्ष रोजी रोटी का संकट आ जाने से वह बहुत दु:खी (शेष पृष्ठ सात पर)

### पूर्व विधायक समेत कई लोग हिरासत में

रूद्रपुर। अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू करने से पूर्व किसी भी संभावित विरोध को रोकने तथा नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा आज प्रातः ही कई व्यापारी तथा विरोधी दलों के नेताओं को उनके घरों से हिरासत में लेकर पंतनगर थाने में नजरबंद कर दिया है। पुलिस ने जिन व्यापारियों और नेताओं को नजर बंद किया गया उनमें पूर्वविधायक राजकुमार ठुकराल,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)




### विधायक बेहड़ ने फेसबुक लाईव आकर रखी अपने दिल की पीड़ा

रुद्रपुर। सैकड़ों दुकानें तोड़े जाने से आहत किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने फेसबुक पेज के जरिए लाइव आकर अपने दिल की पीड़ा को साझा किया।



उन्होंने कहा आज जिस प्रकार से रुद्रपुर में कार्यवाही की जा रही है यह बहुत ही निंदनीय है। वह इस कार्यवाई से बहुत ही दुखी है, उन्होंने रुद्रपुर के तराई के समस्त भाजपाइयों को आड़े हाथ लेते हुए उनसे सवाल किया रुद्रपुर में इतनी बड़ी कार्रवाई और लोगों के साथ इतना उत्पीड़न होने के बावजूद भी भाजपाई मौन क्यों हैं और सब कहां छुप गए हैं जो वोट लेने तो आते हैं लेकिन उनकी मुसीबत में उनके साथ नहीं खड़े होते। उन्होंने सभी भाजपाई नेताओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए खड़े किए। कहा कि आज बहुत ही दुखी है और उन्हें लगता है कि उनके शहर रुद्रपुर को किसी की नजर लग गई है जिस प्रकार से प्रशासन यहां पर अपनी मनमानी पर उतर आया है कोई उनसे सवाल जवाब करने वाला नहीं है। वह दिन भी दूर नहीं जब बस्तियों पर (शेष पृष्ठ सात पर)

### छावनी में तब्दील हुआ शहर,चप्पे चप्पे पर रहा पुलिस बल

रूद्रपुर। अतिक्रमण हटाने के लिए आज पुलिस प्रशासन सख्त नजर आया। विरोध की संभावना को देखते हुए शहर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। एसएसपी खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। साथ ही एनएचएआई लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अलावा, सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम प्रत्युश सिंह समेत जिला प्रशासन के आला अधि कारी भी मौके पर मौजूद रहे। आधा दर्जन से अधिक जेसीबी मशीनों ने कुछ ही घंटों में पुलिस बल की मौजूदगी में सैकड़ों दुकानों को ध्वस्त कर दिया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि दुकानें टूटने का उन्हें खुद भी दुख है लेकिन जी-20सम्मेलन के लिए यातायात व्यवस्था दुरूस्त करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने से जहां मार्ग का चौड़ीकरण संभव होगा वहीं नगर को सुंदरता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभियान को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये न सिफ जनपद ऊधमसिंहनगर बल्कि कुमाऊं मंडल के अन्य जनपदों से भी पुलिस फोर्स को बुलाकर तैनात किया गया है। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था के लिये हाईवे को बैरिकेट लगाकर डायवर्ट किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान वाहरी लोगों को (शेष पृष्ठ सात पर)



### व्यापारियों को समर्थन देने वाले रहे नदारत

रूद्रपुर।दुकानें बचाने के लिए पिछले कई दिनों से आन्दोलन कर रहे दुकानदारों को समर्थन देने के लिए रोजाना कई लोग धरना स्थल पर आ रहे थे और व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कर रहे थे। लेकिन जब प्रशासन ने दुकानों को तोड़ना शुरू किया तो व्यापारियों को समर्थन देने की बात कहने वाले लोग पूरी तरह से नदारद रहे। जिनमें कई जनप्रतिनिधी भी शामिल है। समर्थन देने वाला कोई भी व्यक्ति रोते व्यापारियों व उनके परिजनों के आंसू पोंछने के लिए दिखाई नहीं दिया। वहीं आन्दोलित व्यापारियों द्वारा धरना स्थल पर किये गये विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी सार्थक परिणाम सामने नहीं आया। व्यापारी कह रहे हैं शायद ईश्वर उनकी परीक्षा ले रहा है।

# 271 वाहनों, उपकरणों के हवाले उत्तराखंड की फॉयर सेफ्टी

काशीपुर (उद संवाददाता)।बड़े धार्मिक यात्रायें व आयोजन कराने वाले प्रदेश उत्तराखंड के अग्निशमन व आपात सेवा विभाग में जहां कर्मचारी अधिकारियों के पद बड़ी संख्या में रिक्त है, वहीं वाहनों, उपकरणों की भी भारी कमी है। केवल 271 वाहनों, उपकरणों के हवाले पूरे उत्तराखंड की फायर सेफ्टी है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी/उपनिदेशक (तक0) अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से उत्तराखंड में अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न सूचनायें मांगी थी। इसके उत्तर में उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक कार्यालय के लोक सूचना अधिकारी/उपनिदेशक (तक0) अग्निशमन एवं आपात सेवा, संदीप कुमार राणा ने उत्तराखंड के सभी जनपदों के फायर स्टेशनों पर उपलब्ध वाहनों/उपकरणों की सूची अपने पत्रांक 84 के साथ उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार प्रदेश के सभी जनपदों के फायर स्टेशनों के पास कुल 271 वाहन, उपकरण हैं इसमें 3 मल्टी परपज वाटर टैण्डर, 30 फोम टैण्डर, 72 वाटर टैण्डर, 44 मिनी वाटर टैण्डरी, 4 डी सीपी टैण्डर, 19 रेस्क्यू वाहन/एम्बुलेंस, 13 मेहन्द्री बुलेरो, 16 जीनोन, 3 जीप, 22 पी वी सीबी, 40 बैकपैक सैट, 3 वाटर कैनन, 2 वाटर बाउजर तथा 1 टैंकर शामिल है। जिलावार विवरण के अनुसार सर्वाधिक 55 वाहन, उपकरण देहरादून जनपद के फायर स्टेशनों के पास है। जबकि सबसे कम केवल 8 वाहन उपकरण रूद्रप्रयाग जिले के फायर स्टेशनों के पास उपलब्ध है। अन्य जिलों में अल्मोड़ा 15, उत्तरकाशी 16, पौड़ी 16, उधमसिंह नगर 40, चमोली 14, पिथौरागढ़ 9, चम्पावत 11, हरिद्वार 35, नैनीताल 25, टिहरी 15 तथा बागेश्वर जिले के फायर स्टेशनों के पास केवल 12 वाहन/उपकरण हैं।फायर सेफ्टी को आवश्यक बड़े वाहन, उपकरण प्रदेश के फायर स्टेशनों में अत्यंत कम संख्या में हैं। कुल 3 मल्टी परपज वाटर टैण्डर केवल देहरादून, उधमसिंह नगर तथा हरिद्वार जनपद के 1-1 फायर स्टेशन में हैं। कुल 4 डी. सी. पी टैण्डर केवल देहरादून, हरिद्वार जिले में 1-1 तथा उधमसिंह नगर जिले में 2 उपलब्ध हैं। 19 रेस्क्यू वाहन/एम्बुलेंस में से पौड़ी जिले में कोई उपलब्ध नहीं हैं। 13 महेन्द्रा बुलेरों में से 4 देहरादून, 2 उधमसिंह नगर, 3 हरिद्वार, 2 नैनीताल तथा 1 टिहरी जिले में उपलब्ध है अन्य जिलों में कोई उपलब्ध नहीं है। 16 जीनोन में से रूद्रप्रयाग जिले में कोई उपलब्ध नहीं हैं। कुल 3 जीपों में 1-1 जीप देहरादून, हरिद्वार तथा नैनीताल जिले में उपलब्ध हैं। कुल 22 पीवी सी वी में से पिथौरागढ़ जिले में कोई भी उपलब्ध नहीं है। कुल 2 वाटर कैनन में 1 उधमसिंह नगर तथा 1 नैनीताल में उपलब्ध है। कुल 2 वाटर बाउजर केवल देहरादून जिले में उपलब्ध है जबकि 01 टैंकर केवल देहरादून जिले मेंही उपलब्ध हैं।

# छुट्टी पर घर आये सेना के जवान की हादसे में मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जनपद निवासी छुट्टी में घर आये सेना के एक जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छुट्टी में घर आए जवान और उसका दोस्त अपनी बाइक से घूमने के लिए गए थे लौटते वक्त एचएमटी के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें जवान की मौत हो गई और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया खबर के बाद मृतक जवान के घर में मातम पसरा हुआ है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा के सैराघाट के ग्रामसभा हतौली निवासी 27 वर्षीय



भगवान सिंह रावल भारतीय सेना में थे वर्तमान में उनकी तैनाती आरआर जम्मू-कश्मीर में थी। अब उनकी पोस्टिंग राजस्थान में हुई थी। पोस्टिंग से पहले भगवान सिंह 1 महीने की छुट्टी पर घर आए हुए थे और वह इन दिनों अपने दोस्त थे गौरव बिष्ट के पास हल्द्वानी रुके थे। बताया जा रहा है कि दोनों अपने दोस्तों के साथ रॉकऑन नामक जगह पर घूमने गए। वापसी में एचएमटी के पास हादसा हो गया। जिसमे भगवान रावत की मौत हो गई। जबकि घायल दोस्त का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# खटीमा में बिजली चोरी रोकने के लिए संघन छापेमारी शुरू

खटीमा(उद संवाददाता)।क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए ऊर्जा विभाग ने सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है बिजली चोरी के मामले पकड़ने के लिए अफसरों की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं जो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर अभियान चलाकर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही जुर्माने की करवाई कर रहा है। अभी तक ऊर्जा विभाग ग्रामीण अंचलों में 21 चोरी के मामले पकड़ कर 5 लाख से अधिक का जुर्माना ठोक चुका है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जा रहा है। ऊर्जा विभाग की टीमों ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। खटीमा के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की लगातार विभाग को शिकायतें मिल रही हैं। जिसे रोकने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है।



छापेमारी टीमें योजना के अनुरूप कार्य कर रही हैं। चोरी के प्रकरण पकड़ने के लिए तकनीकी रूप से भी कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी तक खटीमा क्षेत्र के कुछ गांव में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी के मामले पकड़े जा चुके हैं। जिसे गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा विभाग ने छापेमारी अभियान को और अधिक तेज कर दिया है। खटीमा के अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बस्नेत ने बताया कि लगातार ऊर्जा विभाग की टीमें छापेमारी कर रही हैं। अभियान निरंतर जारी रहेगा। बिजली चोरी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनमानस से समय पर बिजली बिल का भुगतान करने और चोरी करने से बचने की अपील की है।

# होराइजन पैक्स लिमिटेड में किया भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का "होराइजन पैक्स लिमिटेड में भ्रमण कराया गया ।भ्रमण प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन द्वारा कराया गया । प्रक्रिया मे होराइजन पैक्स के एच.आर. हेड अजय द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, होराइजन के प्लांट के बारें में विस्तृत जानकारी भी दी । उसके उपरान्त बैच बनाकर सम्पूर्ण साईट का भ्रमण कराया गया । प्रक्रिया पॉलीटेक्निक मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 30 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया उदुपरान्त छात्र-छात्रो में खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य तथा ट्रेनिंग एण्ड




प्लेसमेन्ट ऑफिसर को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, वाईस चेयरमैन, प्रीत ग्रोवर प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डावर, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला जी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, व मैनेजमेंट टीम मेम्बर, वंश डावर ने भ्रमण के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा ।

# अतिक्रमण हटाने के लिए 25 दिन का अल्टीमेटम

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।नगर के प्राइमरी विद्यालय शक्तिफार्म (खास) की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 15 लोगों को प्रशासन ने 25 दिन मे अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया। तहसीलदार सितारगंज जगमोहन त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय भूमि से निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा जिसका समस्त खर्चा अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। उप शिक्षा अधिकारी सुषमा गौरव के अनुसार नगर मे स्थित रा.प्रा.विद्यालय शक्ति फार्म खास की भूमि पर 15 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया गया है। बताया शिक्षा विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई के लिए प्रशासन को लिखा गया। जिसके बाद गुरुवार को उप शिक्षा अधिकारी सुषमा गौरव, तहसीलदार सितारगंज जगमोहन त्रिपाठी राजस्व विभाग की टीम के साथ शक्ति फार्म मौके पर पहुंचे तथा अतिक्रमण करने वाले लोगो से विद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटाने के



लिए वार्ता की। जिसका जनप्रतिनिधियों एवं अतिक्रमण करने वाले लोगों ने विरोध किया। तहसीलदार ने अतिक्रमण करने वाले लोगों से कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। बाद मे अतिक्रमणकारियों ने तहसीलदार से अतिक्रमण हटाने के लिए समय देने की मांग की। जिसके बाद तहसीलदार ने अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए 25 दिन का समय दे दिया। तहसीलदार ने बताया कि निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन द्वारा विद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटा दिया जाएगा जिस में होने वाले सभी खर्चे अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने बताया विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों ने निर्धारित समय तक अतिक्रमण हटाने की लिखित दे दिया है। इधर उक्त भूमि पर रह रहे रूबी और कुट्टी विश्वास ने कहा की अगर हमारे घर को उजाड़ दिया तो हम कहा जाएंगे । न कमाने वाला ,न कोई और ठीकाना,न धन दौलत कुछ भी नहीं हमारे पास ।दुसरो के घर काम कर बामुश्किल दो रोटी का इंतेजाम हो पाता है। सर से छत भी छीन गया तो कहा जाएंगे,कोई राश्ता नजर नहीं आ रहा।

# मिलिट्री एरिया के पास निर्माण कार्य को लेकर बैठक आयोजित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद अंतर्गत मिलिट्री एरिया के निकट भवन निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में भवन निर्माण हेतु एनओसी के संबंध में आयोजित बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आर्मी की तरफ से कर्नल मानवेंद्र सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया।उन्होंने बताया कि वर्तमान में जारी शासनादेश अनुसार मिलिट्री एरिया से 50 मीटर के अंतर्गत भवन निर्माण का कार्य वर्जित है। मिलिट्री एरिया के निकट 50 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का भवन निर्माण का कार्य करने से पूर्व शहरी क्षेत्र में जहां प्राधिकरण के प्रावधान लागू हैं वहां प्राधिकरण के माध्यम से और अन्य ग्रामीण स्थलों में उप जिलाधिकारी के माध्यम से एनओसी हेतु आवेदन करेंगे। एनओसी प्राप्त करना अत्यावश्यक है बिना अनुमति के भवन निर्माण का कार्य करना प्रतिबंधित है। जिलाधिकारी और बैठक में उपस्थित आर्मी कर्नल मानवेंद्र सिंह अन्य अधिकारियों द्वारा आम सहमति की गई कि भवन निर्माण कार्य हेतु एक माह की समयावधि में सहमति या असहमति रूप में एनओसी प्रदान की जाएगी। इस संदर्भ में कर्नल द्वारा अपने कमांडर से वार्ता करने के लिए कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनमानस के जीवन में घर बनाने के अवसर बार-बार नहीं आते हैं, वे वर्षों तक मेहनत कर पूंजी जमा करने के उपरांत भवन निर्माण का कार्य करते हैं। जिला अधिकारी ने मिलिट्री कर्नल मानवेंद्र सिंह से कहा कि ऐसा रास्ता निकालें कि लोगों को भी परेशानी न हो और मिलिट्री का कार्य भी बाधित न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान, उप जिलाधिकारी धारचूला दिवेश सासनी, उप जिलाधिकारी सदर अनुराग आर्या, मिलिट्री कर्नल मानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 31 वीं वाहिनी में योग व ध्यान शिविर का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पुलिस परिवारों के जनकल्याण हेतु गठित उत्तराखण्ड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ. अलकनन्दा के निर्देशन मार्च तक 31 पीएसी के सभागार मे आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता श्रीमती प्रीती प्रियदर्शिनी, कमान्डेंट, 31 वाहिनी पीएसी द्वारा की गई। डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर गजेन्द्र प्रतिभागियों को हार्टफुलनैस संस्थान द्वारा यौगिक प्राणाहुति से युक्त रिलैक्सैसन, रिजुविनेशन, तथा ध्यान करने की सरलीकृत तकनीकों का भी अभ्यास कराया गया तथा रोजाना के हार्टफुलनैस संस्थान के रुद्रपुर, बिलासपुर, किच्छा आदि स्थानों से आए स्वंय सेवको का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, सूबेदार सैन्य सहायक





में पुलिस परिवार के लिये किये जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों/कार्यक्रमों के अनुक्रम में हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान का योग शिविर 31पीएसी सेनानायक व संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं हार्टफुलनैस संस्थान व राम चन्द्र मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 14मार्च से 16 पाल' व उनकी टीम द्वारा वाहिनी के अधिकारी, कर्मचारियों व पारिवारिक सदस्यों को तनाव, रक्तचाप, मधुमेह आदि आम किन्तु घातक बीमारियों से काबू करने के लिए आसानी से अपनाए जाने वाले योग्य आसन, प्राणायाम व मुद्राएं सीखलाई गई। इस अवसर पर कार्यों पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक समस्याओं के कारण होने वाले शारीरिक व मानसिक तनाव को दूर करने व सकारात्मक विचारधारा का अनुसरण करने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर के संचालन मे विमल कुमार आचार्य ,डिप्टी कमान्डेंट, 31वीं वाहिनी पीएसी तथा खुर्शीद अली, हार्टफुलनैस संस्थान के श्रीमती मंजीत कौर, डा. सीमा अरोरा, विपिन त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, नीलम सिंह, एमपी अवस्थी, गजेन्द्र सिंह पाल, रजनी गुलाटी, प्रशस्ति राजपूत, रश्मि व अन्य अधिकारी कर्मचारी व पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता के लिए किया जागरूक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर निगम रुद्रपुर द्वारा सभी चालीस वार्ड में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।एसबीएम आईईसी मद से प्राप्त धनराशि का उपयोग कर सभी वार्ड में लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक को यूज न करने तथा घर पर ही गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मुख्य नगर आयुक्त विशाल निश्रा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनता को गीला- सूखा कूड़े के बारे में



नुक्कड़ नाटकों, सभाओं के माध्यम विस्तार से जागरूक किया जा रहा है और जनता को कूड़ा पृथककरण के पर्यावरणीय प्रभावों के सहित प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। श्री मिश्रा ने जनता से अपील की है कि सभी नागरिक सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, अपने आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही कूड़ा पृथक करके ही दें।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# राज्यपाल ने ली राज्य बाल कल्याण परिषद की बैठक

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद की 27वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद को राज्य मुख्यालय में ही सीमित न रखते हुए इसकी गतिविधियों को जनपदों में अधिक संचालित किये जाने के प्रयास करने होंगे। लोगों को बाल कल्याण के कार्यक्रमों और गतिविधियों की अधिकाधिक जानकारी हो, इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाय।उन्होंने परिषद की वेबसाईट और सोशल मीडिया अकाउंट्स बनाने के निर्देश दिये जिससे अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें। राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद को और अधिक सशक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा आजीवन सदस्य बनाने के साथ ही संस्थाओं को सीएसआर के लिए भी प्रेरित करें। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों के कल्याण और उत्थान के लिए और अधिक कार्य



करने की जरूरत है। प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास हो, परिषद का यह उद्देश्य होना चाहिए। संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण से वंचित न रहे। सुविधहीन बच्चों के हितों का संरक्षण करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाय। बाल श्रम, बाल तस्करी, यौन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के समाधान खोजने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी सुरक्षा, उनका अभिमुखीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तावित बजट का अनुमोदन करने के साथ ही अन्य बिंदुओं पर अपनी सहमति दी। उन्होंने परिषद के कर्मियों के मानदेय में वृद्धि हेतु भी अपनी सहमति दी। बैठक में महासचिव पुष्पा मानस ने कार्यकारिणी की 26वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि व अनुमोदन प्राप्त किया। उन्होंने परिषद द्वारा विगत वर्ष में किये गये कार्यों और गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव, उत्तराखण्ड राज्य बाल कल्याण परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश बाबला, उपाध्यक्ष श्रीमती मधु बेरी व राकेश ओबेराय, महासचिव श्रीमती पुष्पा मानस, कोषाध्यक्ष डॉ0 आशा श्रीवास्तव सहित परिषद के विभिन्न पदाधिकारी, सदस्य व जिला कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का आयोजन


नानकमत्ता(उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविधालय में दो दिवषीय प्रथम वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ कारसेवा बाबा तरेसम सिंह द्वारा किया गया । नानकसागर डाम के पास स्थित मैदान में दो दिवसीय क्रीडा समारोह का उदघाटन करते हुये बाबा तरसेम सिंह ने कहा कि बच्चों को खेलों के प्रति रूचि होनी जरूरी है, जिससें उनका शाारीरिक विकास तेजी से होगा। 800



मी0 दौड़ में छात्र गुरमेल सिंह, वसुदेव भटट, शुभम सिंह, छात्रा वर्ग में राधा गिरी, प्रीती कुमारी, ज्योति कुमारी प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर प्राचार्य अंजला दुर्गापाल, प्रो0 राकेष कुमार, विद्या शंकर शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, डा0 राकेश कुमार, ललित सिंह विष्ट, डा0 स्वाति टम्टा, डा0 स्वाति पंत, डा0 दीप्ती कार्की, डा0 प्रियका विश्वकर्मा , समेंत अध्यापक जमन सिंह विष्ट , गंगा राम, राम जगदीश, संतोष चन्द्र , सुनील प्रकाश आदि मौजूद थें ।

# खटीमा की रितु जोशी का वूमेन फेस ऑफ द ईयर 2023 में हुआ चयन

खटीमा(उद संवाददाता)। फॉक्स स्टोरी इंडिया के द्वारा आए हुए कहीं नॉमिनेशन मैं से उत्तराखंड के खटीमा की रितु जोशी का अवॉर्ड मैं हुआ चयन। कई नॉमिनेशन को पछाड़ कर रितु को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। रितु पेशे से एक मॉडल व इवेंट ऑर्गनाइजर है इससे पहले भी रितु काई ब्यूटी पेजेंट का खि-ताब अपने नाम कर चुकी है जिस्मे मिस पिथौरागढ़ 2018, मिस गढ़वाल फर्स्ट रनर अप, 2019, मिस नॉर्थ राइजिंग इंडिया 2019 जो कि नेशनल लेवल प्रतियोगिता थी मिस ग्लोरी ऑफ उत्तराखंड 2019 और इसके साथ-साथ रितु को कई अवॉर्ड से भी



नवाजा गया है जिस्मे 15 सक्सेस स्टार ऑफ इंडिया 2020, फैशन लाइफस्टाइल मैगजीन द्वारा, फॉरएवर स्टार इंडिया द्वारा 2020 की रियल सुपरवुमन, सत्यजय अवार्ड 2021,कल्कि न्यूज द्वारा कल्कि गौरव सम्मान 2021, नेशनल एकेडमी फॉर आर्ट एंड एजुकेशन पुणे महाराष्ट्र द्वारा राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2021, फॉक्सक्लूज बैंगलोर द्वारा टॉप 100 वुमन आइकॉन ऑफ इंडिया 2022, राष्ट्रीय राष्ट्रीय ज्ञानपीठ पुणे महाराष्ट्र द्वारा राष्ट्रीय महिला गौरव पुरस्कार 2022 भी मिल चुके हैं। उसके साथ साथ रितु ने कोरोना काल मे ऑनलाइन सिंगिंग एंड डांसिंग प्रतियोगिता को जज भी किया जिसे टीम कुमाऊं केसरी द्वारा आयोजित किया गया था और टीम कुमाऊं केसरी के साथ उत्तराखंड के मॉडलिंग एंड डांसिंग शो स्टार ऑफ उत्तराखंड 2020 का भी आयोजन किया गया था ऋतु कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई जिसमें उत्तराखंड की पत्रिका श्रीतिज के पार मार्च 2021 जहां उन्होंने एक कवर गर्ल के रूप में, दिल्ली पत्रिका आप की सेहत, वंशधारा, फैशन लाइफस्टाइल पत्रिका, और हाल ही में फैशन लाइफस्टाइल पत्रिका .में भी प्रकाशित हो चुके हैं।रितु से बात करने पर उन्हें अपनी अब तक की जर्नी में ये बताया की लाइफ में अगर अपने गोल पर फोकस करना है तो हार मत मानो कोशिस करो एक दिन जरूर कामयाबी मिलेगी।

# हिस्ट्रीशीटर सोनू पवार को 6 माह के लिए किया जिला बदर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी श्रीमती रचिता जुयाल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा राजेश कुमार यादव ने कोतवाली अल्मोड़ा के हिस्ट्रीशीटर सोनू पवार पुत्र रमेश पवार निवासी भ्यारखोला, राजपुरा कोतवाली अल्मोड़ा को



जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद 6 माह जिला बदर की कार्यवाही की है। अभियुक्त सोनू पवार को 6 माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश नही करने की सख्त हिदायत दी गई यदि अभियुक्त उक्त अवधि के दौरान जनपद अल्मोड़ा की सीमा के अंदर दिखाई देगा तो पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# ज्योति ग्रोवर को बनाया महिला संयोजिका

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद गदरपुर के अध्यक्ष प्रमोद गगनेजा वह सचिव प्रमोद बजाज



द्वारा महिला संयोजिका के पद पर ज्योति ग्रोवर को नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत विकास परिषद की टीम के अध्यक्ष प्रमोद गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, संजीव अनेजा, गौरव मदान आदि ने बलराम नगर पहुंचकर महिला संयोजिका के पद पर ज्योति ग्रोवर को नियुक्त किया है वही आसपास के लोगों ने माल्यार्पण कर ज्योति ग्रोवर का स्वागत किया ज्योति ग्रोवर काफी लंबे समय से क्षेत्र में समाज सेवा कर रहे हैं जिनके काम के प्रति सेवा भाव को देखकर भारत विकास परिषद की टीम ने बृहस्पतिवार को उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वही ज्योति ग्रोवर ने बताया है कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर मेहनत और लगन से कार्य करूंगी जिसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ढेरों शुभकामनाएं मिलने लगी।

# अवैध खनन रोकने के लिए हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट ने ऊधमसिंह नगर जिले की कोसी नदी में अवैध खनन के मामले में आदेश का अनुपालन नहीं करने पर दायर याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीशन्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार को अवैध खनन को रोकने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों के तहत हर जिले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर दो सप्ताह के भीतर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस कमेटी में हर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान को भी शामिल करना होगा। कोर्ट ने रीवर ड्रेजिंग नीति के तहत कोसी नदी में निजी लोगों खनन के पट्टे जारी करने की विज्ञप्ति पर जनहित याचिका विचाराधीन होने तक कार्रवाई नहीं करने के सख्त निर्देश भी दिए। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तिथि नियत की है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई के दौरान सचिव खनन डॉ. पंकज कुमार पांडे व अन्य अधिकारी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुए। ऊधमसिंह नगर निवासी रमेश लाल ने जनहित याचिका कर कहा है कि कोसी नदी में कई वर्षों से अवैध खनन का कार्य किया जा रहा है। कोर्ट ने 2019 में अवैध खनन रोकने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने के दिशा निर्देश जारी किए गए थे। अब तक टॉस्क फोर्स का गठन नहीं किया गया।


# गदरपुर नगर पालिका एक बार फिर विवादों के घेरे में

**-मुकेश पाल-**

गदरपुर।पिछले चार सालों से समय समय पर भ्रष्टाचार का आरोप झेलती आ रही नगरपालिका पर लग रहे आरोप कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। नगरपालिका ईओ के सहारे भ्रष्टचार में लिप्त नगरपालिका पर भाजपा के ही कार्यकर्ताओं की शिकायत पर कोई कार्यवाही ना होने और जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार की जांचों के अलावा हाईकोर्ट तक जाने वाले मामले में अभी तक कोई कार्यवाही अमल में ना आने से नगरपालिका के हौंसले बुलंद है। यूं तो आए दिन चेयरमैन पर भ्रष्टाचार का आरोप सोशल मीडिया पर लगता ही रहता है लेकिन ईओ भी इसमें पीछे नहीं है। निर्दलीय चेयरमैन गुलाम गौस पिछले चार सालों से डंके की चोट पर ताल ठोके बैठे हैं उन्होंने अभी तक के सभी मामलों में अपने आप को निर्दोष साबित करने में नगरपालिका ईओ को अपने हाथों पर लेकर अपने विरोधियों को अंगूठा दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और विरोधियों ने मुंह की भी खाई है।भ्रष्टाचार के आरोपों की शुरुआत सबसे पहले केपीएस से शुरू हुई जिसके पास सफाई का ठेका है लेकिन विरोध के बाद आज भी केपीएस का जलवा बरकरार है। मतलब साफ है जो चेयरमैन और ईओ की पसंद है उसको हटाने वाला कोई नहीं है।इसके अलावा भी कई मामलों में जमकर विरोध हुआ। लेकिन नतीजा कोई नहीं निकला। अब एक बार फिर भाजपा नेताओं और सभासद के बीच चेयरमैन गुलाम गौस और उसके बिल्डर भाई तारिक खां के साथ नोक झोंक होता वीडियो खूब वायरल हो रहा है।यह आरोप भी जनता के है कि घर का भेदी ही लंका ढाता है। एक ओर निर्दलीय चेयरमैन तो दूसरी ओर गदरपुर की भाजपा की टीम वही यह आरोप भी साफ है कि चेयरमैन को पूर्व मंत्री और विधायक की पूरी शह है।




यही वजह है कि पिछले चार साल में जो भी भ्रष्टाचार के आरोप नगरपालिका पर लगते आए हैं बड़ी खूबसूरती के साथ नगरपालिका उन आरोपों से बचने में कामयाब रही है।अब चूकि चुनाव में बहुत कम वक्त रह गया है लेकिन अभी भी गदरपुर नगरपालिका के पास करोड़ों के गेम खेलने का मौका बाकी है । इसमें सत्ता और ईओ मेहरबान रहे तो जल्दी में चेयरमैन बोल्ड होने वाले नही है। अब देखना यह है कि नगरपालिका चेयरमैन और उनके बिल्डर भाई इस खुरचन का मजा लेनें में कामयाब होते है या नहीं। फिर भी भाजपा की लोकल राजनीति करने वाले नेताओं और सभासद के दावे एक बार फिर खोखले साबित होंगे। यह तो निश्चित है कि गदरपुर के इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज से बने निर्दलीय चेयरमैन गुलाम गौस ने डंडा ठोक कर नगरपालिका को अब तक चलाया है। यह भी बड़ी कामयाबी की बात है जब भाजपा के शासन में भाजपा के ही नेता भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहे और चेयरमैन अपने आप के साथ नगरपालिका को भी निर्दोष साबित करते रहे।यह तो तय है कि भाजपा के शासन में काम कर रहे नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारियों की भी पूरी मौज रही है।बस फर्क इतना रहा कि आरोप लगाने वाले भाजपा के सच्चे सिपाही थे और आरोपों को धोने में भाजपा की सरकार के सच्चे नगरपालिका के अफसर कामयाब रहे हैं।पुरानी कहावत है सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का।चेयरमैन अपने बयानों से विरोध को धोते रहे हैं और नगरपालिका के अफसर जांचों को धोते रहे और भाजपा के नेता डुगडुगी बजाते रहे हैं।अब देखना यह है कि चेयरमैन अपनी अगली पारी को पिछले चार साल की तरह निबटाने में कामयाब रहेंगे या भाजपा के नेताओं द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का शिकार होंगे। यह मार्च है इसमें एक साल तक के लिए होने वाले टेंडर भी लाइन में है। हां इतना जरूर है कि भाजपा की सत्ता में काम करने वाले ईओ की शह अगर ऐसी ही रही तो फिर घोटाले हो या कुछ और टेस्ट मैच का यह आखरी ओवर खेलने में भी कामयाब होंगे और नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी भी गंगा नहा जाएंगे। मतलब साफ है कि काम उनके अपने ही करेंगे और भाजपा के नेता नोक झोंक और आरोप ही लगाते रहे जाएंगे।
















रूद्रपुर में जिला प्रशासन द्वारा डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक मुख्य मार्ग की सैकड़ों दुकानों को ध्वस्त कर दिया इस दौरान जनपद उधमसिंहनगर सहित विभिन्न जनपदों से पहुंचा भारी संख्या में पुलिस बल मुख्य स्थानों पर तैनात रहा







# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके अभिभावको हेतु अभिभावक परामर्श शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ब्लाक संसाधन केन्द्र रुद्रपुर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों हेतु एक दिवसीय अभिभावक परामर्श का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घघाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक एवं उप शिक्षा अधिकारी, डा. गुंजन अमरोही ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उप शिक्षा अधिकारी डा. अमरोही ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए शिविर की रुपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सभी को दिव्यांग के नये नाम से परिचय कराते हुए एक नयी अवधारणा प्रदान की। उन्होने कहा कि हमे दिव्यांग बच्चों को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि दिव्यांग बच्चों के प्रति हम संवेदनशील बनें उनके बेहतर जीवन निर्माण हेतु हम सभी का कर्तव्य बनता है। सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं उनके अभिभावको को आने वाली कठिनाई को समझ कर उनका निराकरण करने हेतु परामर्श देना हैं। उन्होने कहा कि कार्यक्रम में चिकित्सीय परीक्षण की सुविधा भी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम विद्यालय स्तर पर भी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती है एवं आवश्यकता पड़ने पर घर भी जा सकती है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों की असाधारण क्षमता की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट किया।आरबीएसके कार्यक्रम के अन्तर्गत एक करोड़ रुपए का नि:शुल्क इलाज भी किया जाता है। एसीएमओ डॉ. हरेन्द्र मलिक ने जानकारी दी कि यूएडीआई पोर्टल पर हर बुधवार को बच्चे चिन्हित कर राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्हें प्रमाण पत्र दिये जाते हैं। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से उमेश शर्मा ने कहा कि वह प्रमाण पत्र बनवाने हेतु शीघ्र ही एक कैम्प लगायेंगे जिसमें बच्चे का आधार कार्ड एवं दो फोटो को लाना अनिवार्य होगा। शत प्रतिशत दिव्यांगता होने पर एक सहायक का भी प्रमाण पत्र बनाया जायेगा जिसमें मिलने वाली सुविधायें देय होंगी। जिला समन्वयक सुमन नेगी ने समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे समस्त कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग बालिका को प्रतिवर्ष दो हजार रूपए की धनराशि प्रदान की जाती है एवं दिव्यांग बच्चों को घर से विद्यालय लाने हेतु प्रतिवर्ष तीन हजार रूपए प्रदान किये जाते हैं। इण्डियन ओवरसीज बैंक से पूजा धूलिया एवं कुन्दन एवं पंजाब नेशनल बैंक आयुषी शिवहरे ने उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की ।इस अवसर पर अभिभावकों को आने जाने का किराया दिया गया एवं भोजन एवं जलपान की भी व्यवस्था भी शिविर स्थल पर की गयी। कैम्प में 72 बच्चें एवं अभिभावक उपस्थित रहे । संचालन श्रीमती आशा रानी बिष्ट एवं खेमकरन ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सपना जोशि, गोबिन्दी गुप्ता, कैलाश सक्सेना, दयाकिशन दनाई, किरन शर्मा, आरिफ, अनामिका, रश्मि शर्मा, रवि फुलारा, संन्दीप धीर, रामकुमार यादव, श्रीमती पुष्पा पाठक, कृष्णकान्तकर सहित अनेक अध्यापक उपस्थित रहे।




# जड़भगत व अजामिल की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वैष्णो देवी मंदिर श्री वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान पर स्वामी नारायण चौतन्य महाराज के सानिध्य में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास श्री नारायण चौतन्य जी के जड़ध्भरत की कथा तथा अजामिल की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। कथा व्यास जी ने बताया कि जीवन में संघ का बहुत बड़ा महत्व है। हम जैसे वातावरण में रहते है उसका असर जीवन में अवश्य पड़ता है। इसलिये जीवन मे सबकी सेवा करे। लेकिन दुनिया मे मोह किसी से नहीं करना चाहिये। वहीं अजामिल का चरित्र वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान के नाम का अजामिल ने अपने पुत्र का नाम जीवन के अंत समय में पुकारा तो भगवान के पार्षद अजामिल को यमदूतों से छुड़ाकर भगवान के धाम ले गये। भगवान का नाम जीव का सदा कल्याण करता है। जैसे अग्नि चाहे जान बूझकर लगाई जाये या अनजाने मे लग जाये अग्नि सब कुछ जलाकर भस्म कर देती है। उसी प्रकार भगवान का नाम चाहे दिल से लिया जाये या अनजाने में प्रभु का नाम सारे पापों को जला कर भस्म कर देता देता है। कथा में वैष्णव भजन मण्डल के सरपरस्त श्याम खुराना, महंत भजन प्रकाश अरोरा, विजय फुटेला, हरबंस लाल अरोरा, प्रेम कक्के, राजेश आनन्द, हनीश ग्रोवर , राजीव ग्रोवर, लक्की घई, मदन कक्कड़, अशोक घई, अशोक कामरा, , धर्मवीर सुखीजा, केसर लाल खेड़ा, सतनाम सिंह पप्पू, जिगर गुम्बर, गौरव गुम्बर, स्त्री सत्संग सभा की रेशम ग्रोवर, आशा आरोरा, शील साहनी, सुनीता अरोरा, सुरक्षा बधवा, निर्मला घई, वीना ठुकराल, निर्मला आनन्द, सिमरन बत्रा, सुमन चोपडा आदि महिलायें उपस्थित थी। कथा में अनन्त प्रेम आश्रम श्री नंगली कुटिया आदर्श कालोनी से पूज्यनीय निष्ठानन्द बाई जी तथा शारदा कालोनी श्री बाला जी मंदिर हरिधाम के महन्त श्री मनीष सलूजा जी महाराज पहुंचे और संगत को अपना आर्शीवाद दिया।



# भाजपाईयों ने निकाली आभार रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सख्त नकल विरोधी कानून लाने के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाटा चौक से गल्ला मंडी तक आभार रैली निकाली और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में होने वाली परीक्षाओं में लगातार हो रही धांधली को रोकने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है। इस कानून के




अंदर 10 साल की सजा और एक करोड रुपए जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस कानून से बेरोजगार युवाओं को पुष्कर सिंह धामी पर विश्वास हुआ है कि अब उन्हें पारदर्शिता के साथ नौकरी मिल जाएगी। इसलिए उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली ने की। कार्यक्रम में प्रीत ग्रोवर, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, सुनील ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, सुभाष यादव, राजन राठौर, प्रीति धीर, जितेंद्र कोली, सुदामा कोली, गिरीश पाल, रॉबिन विश्वास, नमन चावला, हरजीत राठी, देव शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भागवत कथा में मीना शर्मा ने लिया आर्शीवाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम वैष्णो देवी मंदिर पहुंची जहां उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मां हंसेस्वरी भारती जी महाराज पूज्यनीय स्वर्गफार्म वाली देवी जी और कथावाचक स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज का फूल मालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भी श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# बजट व्यापारियों के लिए निराशाजनक: पाण्डे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के निवर्तमान सँयुक्त प्रभारी एवं जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने धामी सरकार के बजट वो निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि धामी सरकार को व्यापारियों की कोई परवाह नहीं। सरकार व्यापारियों को सिर्फ टैक्स कलेक्शन का माध्यम समझती है। कॅरोना काल के बिजली पानी के बिलों में भी व्यापारियों को राहत देने संबंधित इस बजट में भी कोई राहत नहीं दी गयी। व्यापारी समाज को सदैव हर बजट में सरकार द्वारा ठगा जाता है। उत्तराखंड में छोटे छोटे व्यापारियों की संख्या बहुतायत में है जो जी एस टी के दायरे में नहीं आते ऐसे व्यापारियों को कॅरोना काल की मार ने अभी तक दबाया हुआ है। लेकिन सरकार के पास लघु उद्यमियों हेतु किसी तरह का कोई राहत पैकेज देने या उनके व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई योजना इस बजट में नहीं है। साथ ही ऑनलाइन व्यापार जिस तरह से छोटे व्यापारियों को निगल रहा है ये चिंता का विषय है लेकिन सरकार का इस पर कोई ध्या8न नहीं है, इस विषय में जल्द व्यापारियों द्वारा वृहद स्तर पर ऑनलाइन कारोबार का विरोध किया जायेगा। साथ ही हल्द्वानी वासियों को आईएसबीटी के लिए बहुत आस लगाई थी। पूर्व की सरकार द्वारा रिंग रोड की घोषणा की गयी थी उस पर भी सरकार का ध्यान नहीं गया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा

बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। दुनिया के बेशक सिकुड़ कर एक गांव में बदल जाने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिक सोच आने का दावा किया जा रहा हो, पर हकीकत यह है कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी कई मामलों में संकीर्ण मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाया है। खासकर महिलाओं के मामले में पुरुष सत्ता का हिंसक बर्ताव आधुनिक माने जाने वाले तबकों में भी देखा जाता है। किसी दूसरी जाति के लड़के से विवाह करने पर इज्जत के नाम पर लड़की की हत्या कर दी जाती है। आज भी बहुत सारे लोग अपनी बहुओं को परदे में ही रखना चाहते हैं, उन्हें नौकरी आदि करने की इजाजत नहीं होती। ऐसा ही ताजा मामला दिल्ली का है, जिसमें एक ससुर ने अपनी बहू के सिर पर ईंट से मार कर उसे इसलिए घायल कर दिया कि वह किसी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने जा रही थी। ससुर नहीं चाहता था कि उसकी बहू नौकरी करे। इसे लेकर दोनों के बीच पहले भी काफी बहस हुई थी, मगर बहू जिद करके साक्षात्कार के लिए निकल पड़ी। वह नौकरी करके परिवार को सहारा देना चाहती थी। मगर ससुर को यह रास नहीं आया। उसके हमले से बहू गंभीर रूप से घायल हो गई है। यह कोई पहला मामला नहीं है। आज भी ग्रामीण इलाकों और कुछ सामंती मिजाज के परिवारों में बहुओं को घर की चारदीवारी में, परदे के पीछे ही कैद रखने का प्रयास किया जाता है। उनका घर से बाहर निकल कर कहीं नौकरी करने जाना अच्छा नहीं माना जाता। कई परिवारों में तो विवाह से पहले ही करार कर लिया जाता है कि उनकी बहू घर में ही रहेगी, नौकरी नहीं करेगी। इस तरह बहुत सारी लड़कियां पढ़-लिख कर भी अपनी इच्छा के मुताबिक काम का चुनाव नहीं कर पातीं। विचित्र है कि इसमें उनके पति भी अपने माता-पिता का साथ देते हैं। फिर यह सवाल भयावह रूप से हमारे समाज में सिर उठाता है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे नारे कहां तक सार्थक हो पाएंगे। लड़कियों को लड़कों के बराबर अधिकार देने की वकालत की जाती है। बहुत सारे सुलझे हुए परिवार अपनी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाते हैं। मगर विवाह के बाद अगर वे ऐसे दकियानूसी परिवारों में कैद होकर घुटने लगती हैं, तो उनकी शिक्षा और सोच-समझ, काबिलियत का कोई मोल नहीं रह जाता। इस तरह ताजा घटना में जिस ससुर ने अपनी बहू को ईंट मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, उसे उसकी पढ़ाई-लिखाई और सामाजिक परिवेश की दृष्टि से पिछड़ा तो कह सकते हैं। मगर यह दकियानूसी सोच केवल तथाकथित कम पढ़े-लिखे और पिछड़े समाजों में नहीं है। कई मामलों में अत्यंत निचला माने जाने वाले तबके की महिलाएं कामकाज के मामले में कुछ अधिक स्वतंत्र हैं। वे घर से निकल कर मजदूरी करने, दुकान चलाने या घरों-दफ्तरों आदि में काम करने जाती हैं। मगर विचित्र है कि दिल्ली जैसे अपेक्षाकृत प्रगतिशील माने जाने वाले शहर में भी ऐसी संकीर्ण सोच के लोग आज भी मौजूद हैं, जो अपनी बहू-बेटियों को घर की चारदीवारी में कैद करके उन्हें घुटने पर मजबूर करते हैं। यह घटना एक बार फिर से इस पहलू पर सोचने को विवश करती है कि आखिर बहू-बेटियों को लेकर हमारे समाज के बड़े हिस्से का मानस ऐसा संकुचित क्यों बना हुआ है।

# दून बिजनेस स्कूल के 35 छात्रों ने संयुक्त अरब अमीरात में तलाशी व्यापार की सम्भावनायें

देहरादून (उद संवाददाता)। हर साल दून बिजनेस स्कूल के पीजीडीएम छात्र अपने सर्वोत्तम लाभ के लिए प्रोजेक्ट वर्क के दौरान, दुनिया भर में वैश्विक व्यावसायिक एवं प्रबंधन अध्ययन से सम्बंधित यात्राओं पर जाते हैं। इस वर्ष दून बिजनेस स्कूल में अध्ययनरत 35 छात्रों ने दुबई दौरे में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओ के ऊपर रिसर्च करके, वहां पर आयात-निर्यात से सम्बंधित व्यावसायिक जरुरतो को समझा, साथ ही यू०ए०ई० में व्यवसाय करने के अवसरों को भी जाना। केवल 3 मिलियन लोगों की आबादी के साथ, दुबई विश्व मानचित्र पर एक छोटी सी बिंदी के समान है। हालांकि, जो विधार्थी सार्वजनिक नीति, व्यवसाय, शिक्षा, सामुदायिक विकास, अपराध नियंत्रण और शहरी नियोजन में सफलता के मॉडल की तलाश करते हैं, उनके लिए दुबई एक आदर्श देश है। 30 वर्षों से भी कम समय में, दुबई यूएई के एक छोटे बंदरगाह से बदलकर दुनिया के सबसे विकसित देशों में से एक बन गया। दून बिजनेस स्कूल के छात्रों ने संयुक्त अरब



अमीरात में सबसे प्रतिष्ठित ऑयल एंड गैस इंटरनेशनल एफजेईई (ओजीआई) कंपनी का दौरा किया, जो ऑयल एंड गैस उद्योग के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता और समाधान प्रदाता है। छात्रों को ऑयल और गैस उद्योग और कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे मार्केटिंग, फाइनेंस, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, मानव संसाधन और लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन में कंपनी के प्रदर्शन पर एक ओरिएंटेशन दिया गया। छात्रों ने दुबई में संयुक्त अरब अमीरात की व्यावसायिक नीतियों, रसद प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, संस्कृति, रीति-रिवाजों से सम्बंधित जानकारी ली, जिसका एक महत्वपूर्ण सारांश यह था कि दुबई कैसे एक रेगिस्तान से मजबूत विश्व अर्थव्यवस्था में विश्व वित्तीय, शहरी नियोजन और बुनियादी ढाँचे के आधार पर, एक शीर्ष देश के रूप में उभरा है। संयुक्त अरब अमीरात में स्थित दुबई अपने उच्च तकनीक वास्तुकला, लक्जरी खरीदारी और नाइटलाइफ के लिए हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है और इस तरह ये देश, एक प्रमुख व्यवसाय केंद्र बन जाता है। डीबीएस के छात्रों ने दुबई मॉल में जाने-माने ब्रांड के ग्राहकों पर एक सर्वेक्षण किया और उनसे पूछा कि वे दूसरे ब्रांडों के अलावा इन ब्रांडों को क्यों पसंद करते हैं, जोकि लक्जरी ब्रांड प्रबंधन विपणन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। पीजीडीएम छात्रों की दुबई यात्रा प्रो शिवानी और राजीव शर्मा द्वारा प्रबंधित और संभाली गई।

# नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में उत्तराखण्ड भ्रमण पर आये नेशनल डिफेंस कॉलेज के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली से भ्रमण पर आये इस दल में सशस्त्र बलों, सिविल सेवा और विदेशी अधिकारियों सहित कुल 18 अधिकारी हैं। यह दल दिनांक 13 मार्च से 17 मार्च तक उत्तराखण्ड भ्रमण पर है और यहां के पर्यटन, सहित अन्य विभागों की जानकारी प्राप्त करेंगे। राज्यपाल ने सभी अधिकारियों का उत्तराखण्ड में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 2008 में नेशनल डिफेंस कॉलेज में रहे हैं। इस संस्थान द्वारा वर्षों से उत्कृष्टता के लिए विश्व भर में ख्याति अर्जित की है। संस्थान उच्च नेतृत्व के पदों और जिम्मेदारियों के लिए सशस्त्र बलों और सिविल सेवा के साथ विदेशों से



चुने गए वरिष्ठ अधिकारियों के बौद्धिक विकास और रणनीतिक उत्थान के लिए समर्पित है। राज्यपाल ने इस अवसर पर अपना मिशन और विजन अधिकारियों के साथ साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में प्रत्येक क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड योग की धरती है विश्व भर से लोग यहां योग साधना और योग सीखने आते हैं। इसके साथ-साथ हमारे यहां कृषि एवं औद्यानिकी, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि के क्षेत्र में लोगों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उत्तराखण्ड में 17 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र हैं और हमारे पास अमूल्य वन संपदा है। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के लिए अनुकूल उत्तराखण्ड प्रदेश चारधाम यात्रा के साथ-साथ कुंभ मेला और कांवड़ यात्रा में पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। यहां आध्यात्म और साहसिक पर्यटन के साथ-साथ जंगल सफारी के लिए हर साल लाखों लोग आते हैं। यहां वैलनेस, योग, आयुर्वेद, मर्म, पर्यटन के साथ-साथ ईको टूरिज्म में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है जिसे देखने के लिए देश-विदेशों से लोग आ रहे हैं। इस अवसर पर नेशनल डिफेंस कॉलेज वरिष्ठ निदेशक प्रियांक भारती, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन भी उपस्थित रहे।

# पर्यटन गतिविधियों को रोजगार सृजन से जोड़ा जाये: डीएम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। रोजगार सृजन के लिए वन क्षेत्रों में इको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने एवं वन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली जड़ी बूटियों तथा सगंध पादप के उचित प्रबंधन के संबंध में जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्रों में पर्यटन की गतिविधियों की संभावनाओं की पहचान की जाए तथा पर्यटन गतिविधियों को विकसित कर उन्हें रोजगार सृजन से जोड़ा जाए। बैठक में सिमतोला इको पार्क, सोनी बिनसर क्षेत्र, पांडव खोली दूनागिरी क्षेत्र, मर्चुला तथा जागेश्वर में पर्यटन गतिविधियों जैसे पैराग्लिंडिंग, ऐंग्लिंग, बर्ड वाचिंग जैसी अनेक गतिविधियों की पहचान प्रारंभिक स्तर पर करने को लेकर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गाइडों को उनके माध्यम से ट्रेनिंग कराई गई है, उन्हें ट्रेनिंग की आईडी कार्ड उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वें साहसिक




पर्यटन की गतिविधियों में शामिल हो सकें। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि स्थानीय उत्पादों को पहचान तथा बढ़ावा दिए जाने के लिए होटल एवं रिजॉर्ट संचालकों के साथ बैठकें की जाए तथा स्थानीय उत्पादों को होटल एवं रिजॉर्ट में बिक्री हेतु उपलब्ध किया जाए। इस दौरान वन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली जड़ी बूटियों एवं सगंध पादपों के उचित प्रबंधन तथा उनसे रोजगार सृजन करने को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने जनपद में पैदा होने वाली जड़ी बूटियों की जानकारी प्राप्त की तथा इस संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में उत्पन्न होने वाली सभी कड़ी बूटियों एवं सगंध पादपों के संबंध में डाटा तैयार किया जाए। उन्होंने भेषज संघ की बैठकों में बीडीओ तथा ग्राम विकास अधिकारियों को भी शामिल करने को कहा तथा जड़ी बूटी संग्रहण में स्थानीय लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्रों में मिलने वाली प्रतिबंधित एवं अनुमन्य जड़ी बूटियों के संबंध में प्रचार प्रसार भी किया जाए, जिससे लोगों को यह पता रहे कि किस औषधि या पादप को संग्रहीत किया जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा हिमांशु बागरी, सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली पद यात्रा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल विरोधी अध्यादेश विधानसभा में पारित किए जाने पर सरकार का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत एचडीएफसी बैंक से तथा समापन चौहान पाटा में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा चंदन बहुगुणा



ने बताया कि 15 मार्च को ही देश का सबसे सशक्त कानून नकल विरोधी कानून विधानसभा में पास हो गया और इसी उपलक्ष्य में यह आयोजन नगर मंडल में किया गया है और उन्होंने मुख्यमंत्री का समस्त युवाओं की ओर से धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिलाअध्यक्ष रमेश बहुगुणा, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जोशी, कार्यक्रम संयोजक चन्दन बहुगुणा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, बिना नयाल पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलखवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, नगर अध्यक्ष मोनू शाह, दर्शन रावत, राजेंद्र बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, मनीष सिंह बिष्ट, मनोज जोशी, दिनेश मठपाल, संजय बिष्ट, जगत तिवारी, प्रकाश बिष्ट, पारस कांडपाल, कनक पंत, कन्हैया बिष्ट, प्रेम लटवाल, आशीष गुरुरानी, आशीष उपाध्याय, उषा शर्मा, दिशांत पवार, मोहम्मद मुदस्सर, राजा खान, रेखा आर्य, आदि लोग उपस्थित थे।

# खोली में बनेगा बागेश्वर का खेल स्टेडियम, 36 लाख की वित्तीय स्वीकृति

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलेवासियों को खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए अब मुख्यालय के समीप खेल मैदान बनेगा। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश परिहार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत द्वारा खेल मैदान के लिए स्वीकृति दी थी। जिसके बाद खेल मैदान के लिए भूमि का चयन हुआ। अब कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास और गिरीश परिहार के संयुक्त प्रयासों से खेल प्रेमियों को खेल मैदान की सौगात मिलेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 36. 63 लाख रुपये की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। खोली में बनने वाले इस स्टेडियम की मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। जनपद में खेल स्टेडियम न होने के कारण खेल प्रेमी काफी निराश थे। खेल प्रेमियों द्वारा लंबे समय से खेल स्टेडियम बनाने के लिए पत्राचार किया जा रहा था। साथ ही विधायक चंदन दास से भी इस संबंध में कई बार निवेदन किया जा चुका था। चंदन दास भी इस संबंध में कई बार प्रस्ताव शासन को भेजे थे। पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बाद गत वर्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खोली में स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। इसके



बाद विधायक और प्रदेश के परिवहन मंत्री चंदन दास ने शासन से इसे पूरा करवा कर खोली स्टेडियम के लिए 36. 63 लाख रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही जनपद के खेल प्रेमियों की मुराद पूरी होने की उम्मीद जगी है। इधर। खोली में लंबे समय से स्टेडियम की मांग पूरी होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और चमोली जिले के प्रभारी एड कुंदन परिहार भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश परिहार समेत भाजपा के पूर्वजिला महामंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह परिहार। जिला महामंत्री सजंय परिहार। भवान परिहार आदि ने विधायक और मंत्री चंदन दास का आभार व्यक्त किया है। वही खेल मैदान बनने से खेल प्रतिभाओं का विकास होगा।

# शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने जानी जैव विविधता

गरुड (उद संवाददाता)। दूरस्थ राजकीय जूनियर हाईस्कूल रौल्याना के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान विज्ञान के कार्यकारी मॉडल्स का अनुप्रयोग किया और जैव विविधता को समझा। प्रधानाध्यापक नीरज पंत के नेतृत्व में जूनियर रौल्याना के बच्चों का दल शैक्षिक भ्रमण में काफलफार्म ग्वालदम गया। बच्चों ने स्थानीय पत्तियों के द्वारा पत्तल बनाना, कटोरे बनाने की कला सीखी और अपने बनाए पत्तलों में भोजन किया। फार्म की दर्शना जोशी ने बच्चों को साइंस लैब में कार्यकारी मॉडल्स के द्वारा ऊर्जा स्थानांतरण, सूक्ष्मदर्शी का उपयोग से सूक्ष्मजीवों की कार्यप्रणाली, मानव कंकाल और प्रकाश के परावर्तन के बारे में बताया। संस्थान के भरत जोशी ने सगंध पौधों, बीजों और आसवन तंत्र के माध्यम से आसवन विधि की जानकारी बच्चों को दी। संस्थान के कर्मी गोपाल ने बच्चों को गीत संगीतकी विधा सिखाई। भ्रमण में स्कूल के बच्चों के साथ प्रधानाध्यापक नीरज पंत, शिक्षक दीपक पाण्डेय, भास्कर पंत, सोनू गोस्वामी और विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राएं भी शामिल थे।

# महिला मोर्चा ने फूंका विधायक आदेश का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष काशीपुर उमा जोशी के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने गैरसैंण सदन में कांग्रेस विधायकों द्वारा राज्य की पहली महिला स्पीकर के खिलाफ अमर्यादित आचरण को उत्तराखंड की 60 लाख मातृशक्ति का अपमान बताते हुए कुंडा चौराहे पर जसपुर कांग्रेस विधायक आदेश चौहान का पुतला फूँका। इस दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि प्रदेश व्यापी आव्हान पर भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता द्वारा सभी जनपदों में प्रदर्शन के माध्यम से काँग्रेस के महिला विरोधी चेहरे को जनता के सामने लाकर आरोपी विधायकों को सार्वजनिक माफी की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का राज्य के निर्माण से लेकर राज्य के विकास तक अमिट योगदान रहा है और समस्त प्रदेशवासियों के इसी कृतज्ञता भाव का प्रतीकात्मक स्वरूप श्रीमती ऋतु खंडूड़ी विधानसभा अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा राज्य निर्माण के समय से ही मातृशक्ति के अपमान का इतिहास रखने वाली कांग्रेस को महिलाओं की यह गौरवशाली



भूमिका हजम नहीं हो रही थी। यही वजह है कि उनके विधायकों ने सदन के अंदर न केवल संवैधानिक परंपराओं और अनुशासन को तार-तार किया, बल्कि स्पीकर चेयर पर बैठी मातृशक्ति ऋतु खंडूड़ी का जानबूझकर अपमान किया। यह अपमान श्रीमती खंडूड़ी का ही नही बल्कि राज्य की 60 लाख महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक भागेदारी में वृद्धि करने के लिए 30 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को मातृ शक्ति का आगे बढ़ना एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाना स्वीकार नही है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को अपने विधायकों के यह कुकृत्य स्वीकार हो सकते हैं। लेकिन मातृशक्ति के सम्मान और स्वाभिमान को प्राथमिकता देने वाली भाजपा इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस विधायक आदेश चौहान द्वारा सदन में माइक थोड़ने, पेपर भाड़ने और स्पीकर का अपमान करने पर भरतपुर - मेघावाला मंडल के कुंडा चौराहे पर एकत्र हुए भाजपाइयों ने जिला अध्यक्ष उमा जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक आदेश चौहान का पुतला दहन किया। इस अवसर पर नेता शीतल जोशी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, रवि साहनी, हुकम सिंह भगवान दास गौतम, सतपाल सिंह, उमेश चौबे ,अंकुर कुमार, प्रशांत कुमार ,लखविंदर सिंह, महिला मोर्चा से रेखा तिवारी, लक्ष्मी भंडारी ,रीना मौर्य, आकांक्षा ठाकुर ,मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव ,अमित यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार ने पेश किया कर्ज में डुबाने वाला बजट: गणेश

किच्छा(उद संवाददाता)।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ० गणेश उपाध्याय ने बजट पर सरकार पर हमला बोलते हुए भाजपा सरकार पर प्रदेश को कर्ज के बोझ में डुबाने का आरोप लगाया है तथा वर्ष 2023-2024 के बजट को उधार का बजट करार दिया है। कर्ज में डूबे इस बजट से राज्य के युवाओं, किसानों और आम आदमी को कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना निर्माण, रोजगार सृजन आदि के लिए कुछ भी नहीं है। राज्य पर इस वित्तीय साल के अंत तक 1 लाख 34749 करोड़ की देनदारी हो जायेगी। वर्ष 2017 तक प्रदेश पर केवल 35 हजार करोड़ का कर्ज और देनदारी थी। वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद इस साल तक सरकार ने 99 749 करोड़ रुपये का कर्ज ले लिया है। वहीं विधानसभा के पटल पर रखी गई भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक



की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है कि उत्तराखंड में 1386 करोड़ की वसूली सरकार नहीं कर पाई। साथ ही इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सरकारी एजेंसियों ने ही कराया अवैध खनन तथा खनन विभाग, जिला कलेक्टर, पुलिस विभाग, वन विभाग, गढ़वाल मंडल विकास निगम जैसी संस्थाए अवैध खनन को रोकने और उसका पता लगाने में विफल रही हैं। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग की पेंशन भुगतान प्रणाली में कैग ने गंभीर खामियां पाई है। विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत हजारों खाते एक ही मोबाइल नम्बर से लिंक मिले हैं। कैग की रिपोर्ट के अनुसार विधवा पेंशन योजना में 8661 और वृद्धावस्था पेंशन योजना में 3102 लाभार्थियों के डेटा बेस में भारी गड़बड़ी पाई गई है। उन्होंने भाजपा सरकार पर लूट और भ्रष्टाचार में भागीदार होने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश का आम आदमी आगामी चुनावों में भाजपा को कड़ा सबक सिखाने का मन बना चुका है।

# झगड़ा करने वाले पांच नाबालिगों सहित छह के विरुद्ध कार्रवाई,तमंचा बरामद


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने हल्दुचौड़ क्षेत्र में लड़ाई झगड़ा करने वाले युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य 05 बाल अपचारियों के विरुद्ध जुविनाइल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही एक गई है। जानकारी के अनुसार15 मार्च को चौकी हल्दुचौड़ पुलिस को सूचना मिली कि हल्दुचौड़ मार्केट में स्पाइडन



होटल के नजदीक कुछ लड़के लड़कियां आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए झगड़ा करने वालों में 5 बाल अपचारियों के विरुद्ध जुविनाइल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई तथा उनके परिजनों को बुलाया गया साथ ही घटना में संलिप्त एक युवक को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर के साथ मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पता हिमांशु राठौर पुत्र सुरेश राठौर निवासी मोहल्ला नई बस्ती वार्ड नंबर 16 थाना किच्छा बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम मे डीआर वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालकुआं, सोमेंद्र सिंह प्रभारी चौक हल्दुचौड़, उनि वंदना चौहान, कानि. प्रदीप पिलख्वाल, किशोर रौतेला व अनिल शर्मा शामिल थे।

# व्यापारियों के समर्थकों की गिरफ्तारी निंदनीय: खान

किच्छा(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में व्यापारियों की दुकानें उजाड़ने के विरोध में खड़े हुए विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ और व्यापार मंडल के नेताओं की गिरफ्तारी की कांग्रेस नेता एन यू खान ने निंदा करते हुए कहा है कि सरकार की



इस कार्रवाई से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं और उनकी रोजी-रोटी छीन ली गई है यह सरकार बसाने के बजाय लोगों को उजाड़ने का कार्य कर रही है। हैरतअंगेज बात यह है कि भाजपा के नेता इस कार्रवाई का विरोध तक नहीं कर पा रहे हैं। श्री खान ने कहा है कि पहले इनको अन्यत्र बसाया जाना चाहिए था और सरकार व्यापारियों और विपक्ष के नेताओं के विरोध का भी सामना नहीं कर पा रही है और अनावश्यक रूप से उनको गिरफ्तार कर गरीबों की आवाज दबाने का कार्य कर रही है। श्री खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों की आवाज को दबाने नहीं देगी उन्होंने इस कार्रवाई को गरीबों के मुंह का निवाला छीनने वाली कार्रवाई बताया।









## पेज एक का शेष...

**चालीस साल पुरानी दुकानों...**डीडी चौक से इन्द्रा चौक रोडवेज स्टेशन, सुपर मार्केट, काशीपुर बाईपास रोड़ पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। डीडी चौक से इन्द्रा चौक तक यातायात भी डायवर्ट किया गया था। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर पैनी नजर रखे रहे। अपनी दशकों पुरानी दुकानों को टूटते देख कई व्यापारियों की आंखों में आंसू छलकते रहे। प्रशासन द्वारा गत रात्रि दुकानें खाली करने की पुनः मुनादी करने के बाद दुकानदारों द्वारा अपने परिजनों के साथ आंसू की धाराओं के बीच अपनी दशकों पुरानी दुकानों से सारा सामान निकाल लिया गया था।

**छावनी में तब्दील हुआ...**प्रवेश से रोका जा रहा था ताकि अभियान में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो से। इस दौरान जनपद का सम्पूर्ण पुलिस फोर्स मुख्य मार्ग पर तैनात किया हुआ है। पुलिस फोर्स सख्ती से को हटाने और वाहनों को हटाने में जुटे रहे। इतना ही नहीं अतिक्रमा हटाने के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मीडिया कर्मियों को भी वीडियोग्राफी करने से रोका गया। हांलाकि पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सूझबूझ के साथ अतिक्रमण हटाने में जुटी रही। इस दौरान एसडीएम प्रत्यूष सिंह, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह, सीओ सिटी अनुषा बडोला, सीओ बाजपुर भूपेंद्र भंडारी, सीओ किच्छा ओपी शर्मा, कोतवाल विक्रम राठौर समेत पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे।

**पूर्व विधायक समेत...**हरीश अरोरा,समाज सेवी संजय ठुकराल, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश तनेजा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के पुत्र गौरव बेहड़ आदि शामिल थे।

**विधायकबेहड़ने ...**भी बुलडोजर चला दिया जाएगा। रुद्रपुर की जनता को उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि अभी भी वक्त है और आप जाग जाओ नहीं तो कल आपका भी नंबर आ सकता है। आपके घर और मकान पर भी बुलडोजर चलाया जा सकता है। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से तराई विरोधी रही है और रुद्रपुर में आज की तोड़फोड़ की प्रक्रिया भी इसी का एक उदाहरण है। वरना जी-20 सम्मेलन जिसकी आड़ में तोड़फोड़ की जा रही है उसका रास्ता हल्द्वानी जंगलों के मार्ग होते हुए भी चुना जा सकता था।

**ठुकराल ने विधायक...** हैं। यदि क्षेत्रीय विधायक इस मामले में वास्तविक रूप से गंभीर होते तो समस्या का कोई हल निकल सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका खामियाजा हजारों लोगों को भुगतना पड रहा है। श्री ठुकराल ने कहा कि वह प्रभावित व्यापारियों व उनके परिवारों के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

**अब सुपर मार्केट और ...**चलते उन्होंने अपनी दुकानों को खाली करना शुरू कर दिया है। हांलाकि इन सभी मार्केट के दुकानदारों को पूर्व में कई बार अपने किये गये अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने के लिए नोटिस दिये जा चुके हैं। लेकिन किन्हीं न किन्हीं कारणों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को बीच में ही रोक देना पड़ा था। परंतु लगता है इस बार प्रशासन किसी भी अतिक्रमणकारी व्यापारी को कोई भी छूट देने के मूड़ में नहीं है। हो सकता है एक दो दिन में हीं उक्त सभी मार्केट से अतिक्रमण हटा दिया जायेगा। हालांकि सभी अधिकारी इस संदर्भ में मौन साधे हुए हैं।

# उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल (उद संवाददाता)। हाई कोर्ट ने उत्तराखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति एवं लोकायुक्त संस्थान को सुचारू करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को तीन सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से यह बताने को कहा है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए क्या कार्रवाई की है। कहा कि शपथ पत्र में संस्थान बनने से 31 मार्च 2023 तक वर्षवार कितना खर्चा किया गया है, उसका विवरण भी आना चाहिए। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में हल्द्वानी निवासी रविशंकर जोशी की याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच एजेंसी के रूप में लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि लोकायुक्त संस्थान के नाम पर वार्षिक 2 से 3 करोड़ खर्च हो रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार ने आज तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की।कहा कि उत्तराखंड में तमाम घोटाले हो रहे हैं। वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसी सरकार के अधीन हैं, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में रहता है। राज्य में कोई भी ऐसी जांच एजेंसी नही है जिसके पास यह अधिकार हो कि वह बिना शासन की पूर्वानुमति के किसी राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सके या जांच को किसी न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर सके।वर्तमान व्यवस्था में राज्य सरकार के प्रभाव व हस्तक्षेप से मुक्त ऐसी कोई भी जांच एजेंसी नहीं है जो किसी भी जनप्रतिनिधि या किसी भी लोकसेवक के विरुद्ध स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच और कार्रवाई कर सकें। विजिलेंस विभाग भी राज्य पुलिस का ही हिस्सा है, जिसका सम्पूर्ण नियंत्रण पुलिस मुख्यालय, सतर्कता विभाग या मुख्यमंत्री कार्यालय के पास ही रहता है। विजिलेंस का भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा के किसी अधिकारी या किसी शीर्ष राजनैतिक व्यक्ति पर कार्यवाही का कोई इतिहास नहीं है।जांच एजेंसी को किन-किन बिंदुओं पर जांच करनी है, जांच एजेंसी में नियुक्ति व स्थानांतरण सहित सभी प्रशासनिक अधिकार, जांच समिति का बजट, चार्जशीट दाखिल करने की स्वीकृति देना, अभियोग दर्ज करने की स्वीकृति देना, जांच की पूरी मॉनिटरिंग, जांच अधिकारियों को सभी प्रकार के निर्देश देना, जांच की समीक्षा करना आदि पूरा नियंत्रण राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में रहता है। जांच एजेंसियों में राज्य सरकार के नियंत्रण वाले कर्मचारी और अधिकारी ही जांच अधिकारी होते हैं। राज्य के अब तक के इतिहास में किसी शीर्ष राजनैतिक या प्रशासनिक व्यक्ति की जांच और कार्रवाई का नहीं होना इसका स्पष्ट प्रमाण है। हर प्रतियोगी परीक्षा में हुई धांधली, खनन भूमि सहित प्रशासनिक स्तर पर गंभीर भ्रष्टाचार के अनगिनत प्रकरणों में, जनप्रतिनिधियों व लोकसेवकों की अर्जित अकूल संपत्ति की कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच का उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है।

# नैनीताल में बारिश के साथ हुई जबरदस्त ओलावृष्टि

नैनीताल। सरोवर नगरी में शुक्रवार दोपहर को मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश शुरू हो गई। इसी बीच



जबरदस्त ओलावृष्टि होने लगी और सड़कों पर ओलों की बर्फ जैसी सफेद चादर बिछ गई। बारिश व ओलावृष्टि से पर्यटकों सहित स्थानीय लोग जहां-तहां ठिठकने को मजबूर हो गए और उन्हें सुरक्षित ठिकाने की तलाश करनी पड़ी। इस दौरान सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां शुक्रवार सुबह हल्के बादलों के बीच धूप खिली थी, दोपहर को एकाएक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश व ओलावृष्टि से झील में गिरने वाले नाले उफान पर आ गए तो सड़कें जलमग्न हो गई। जलभराव से सड़कों पर जाम लग गया। स्कूली बच्चों की भी फजीहत हुई। वहीं नैनीताल में लंबे समय बाद तेज बारिश से लोग खुश नजर आए। इससे पहले गुरुवार को भी नैनीताल में दोपहर बाद ओलों के साथ रिमझिम बारिश ने धरा को तरबतर कर दिया था। बेमौसम बारिश में सैलानियों की फजीहत हुई। गुरुवार को पांच मिमी बारिश दर्ज की गई है। बेमौसम बारिश ने सैलानियों के नगर सैर के आनंद को किरकिरा कर दिया। गुरुवार को दोपहर बाद अचानक घने बादलों ने डेरा डाल दिया और बरसना शुरू कर दिया। करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुई बारिश का दौर सवा चार बजे तक जारी रहा। इस बीच कुछ देर के लिए ओले भी बरसे। इस दौरान विभिन्न शहरों से पहुंचे सैलानियों की फजीहत हुई।मौसम में आए बदलाव से ठंड में भी बढ़ोतरी हो गई। वहीं पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते इन दिनों उत्तराखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा, चोटियों पर हिमपात की आशंका जताई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उजाड़े गये व्यापारियों को बसाने के लिए आन्दोलन चलायेंगे : जुनेजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आज नगर में प्रशासन द्वारा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व



ही पुलिस प्रशासन हिटलर शाही पर उतर आया था। उन्होंने कहा गत रात्रि एसएसपी के साथ कई पुलिस अधिकारी डीडी चौक पहुंचे थे। जिनसे व्यापारियों की बातचीत हुई। संजय ने कहा जब उन्होंने एसएसपी से पूछा कि अतिक्रमण कहां तक हटाया जाना है तो उनका कहना था कि गांधी पार्क की दीवार सजाकर दिखानी है। संजय ने कहा कि लगता है अतिक्रमण मार्ग चौड़ीकरण के लिए नहीं बल्कि विदेशी मेहमानों को खुश करने के लिए हटाया जा रहा है। जो व्यापारियों के साथ बहुत ज्यादा उत्पीड़न है। श्री जुनेजा ने कहा कि दशकों पुरानी दुकानों से उजड़ने के बाद भी व्यापारी शांत नहीं बैठेंगे और नगर में उपयुक्त स्थान पर उजाड़े गये व्यापारियों को बसाने के लिए आन्दोलन चलायेंगे। उन्होंने कहा पुलिस हिरासत से बाहर आने के बाद वह व्यापार मंडल के जिला व प्रदेश पदाधिकारियों से वार्ता करेंगे। राज्य में एक ही दिन अतिक्रमण के नाम पर पहली बार सैकड़ों दुकानदारों को उजाड़ दिया गया। जिसका उन्हें काफी दु:ख है।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष आए रुद्रपुर के व्यापारियों के समर्थन में

गदरपुर(उद संवाददाता)।कांग्रेस की नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी अपनी प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता कर रूद्रपुर में व्यापारियों के उत्पीड़न पर जमकर



गुबार निकाला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने जी-20 के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ने की योजना बनाई है। आज रुद्रपुर के व्यापारियों को जिस तरह से उजाड़ा जा रहा है हमें गदरपुर उजड़ने का प्रकरण याद आ गया। सिद्धार्थ भुसरी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से चिन्हित की गई दुकानों को बचाने के लिए सुपर मार्केट और राम मनोहर लोहिया मार्केट के दुकानदार पिछले कई दिनों से अलग अलग तरीके से अपना विरोध कर रहे हैं और वहां के दुकानदारों ने अपने खून से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को खत लिखकर दर्द बयान किया था उनका कहना है कि कई दशकों से उनके पूर्वजों ने खून पसीना बहा कर रोजगार शुरू किया था जिसको प्रशासन ने जी-20 के नाम पर उजाड़ने की रणनीति बनाई है उनका कहना है कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत व्यापारियों को आतंकित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राजनीति की भेंट चढ़ कर शहीद हुए आंदोलन

आप सभी के लिए सब्र की प्रार्थना और इस राजनीति की भेंट चढ़ कर शहीद हुए आंदोलन को देखकर मन में भीषण आक्रोश है । जी हां, यह आंदोलन की शहादत है, जब कोई लक्ष्य हमारे बीच से दूसरों की गलतियों की वजह से नही



रहता,तो उसकी मौत नही शहादत होती है । फोटोबाजी और लाइव के चक्कर में अनियंत्रित होकर अफसरों को अनावश्यक बुरा भला कहना, एक शांतिपूर्ण आंदोलन को ताली, थाली और मशाल जैसे काम करके अग्रेसिव बनाना, जनता द्वारा नकारे जा चुके लोगो द्वारा एक गैर राजनेतिक आंदोलन को अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने की खातिर सत्ता के विरोध का आंदोलन बनाने का प्रयास कर लोगो ने इस आंदोलन को शहीद कर दिया। कागजी शेरों की फोटो अखबारों में बहुत छपी और लाइव को बहुत व्यूज मिले, लेकिन इस चक्कर में आपने दांव पर सैंकड़ों लोगों की रोजी रोटी को लगा दिया। दिल डूबा हुआ है, आँखे भरी हैं और कितना कुछ याद आ रहा है । यह हम सभी का साझा गम है । हमारे दुकानदारों की इस तकलीफ में दिल टूट गया है कि हमेशा अच्छे लोग, उनका अच्छा आंदोलन फोटोबाजों के चक्कर में इस तरह बिखर क्यों गया हैं। छपास रोगी, बुलडोजर सभी तो अपना काम करके चल दिए , लेकिन हम कहा जाएंगे, जो हमेशा आपके साथ दिल से थे, जो लोग इन दुकानों को 2017 से बचा रहे थे।आज पीड़ित दुकानदार चुपचाप रो रहे है, हमारे सबके आंगन का दु:ख बढ़ गया है। **(सुशील गावा )**

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला किया गिरफ्तार


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं में बिंदुखत्ता मार्ग पर विगत दिवस महिला से छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 14 मार्च को एक पीड़ित महिला द्वारा कोतवाली लालकुआं में रपट दर्ज कराई गई कि हल्द्वानी स्टोन क्रेशर लालकुआं से बिंदुखत्ता जाने वाले रास्ते में सुनसान स्थान पर असामाजिक तत्व द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई। घटना के आरोपी को पकड़ने के लिए डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं के नेतृत्व में स्थानीय स्तर पर टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल से लेकर लालकुआं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को बारीकी से खंगाला गया। जिसमे एक व्यक्ति को उक्त महिला का पीछा करते हुए देखा गया। पुलिस टीम ने पूर्ण जानकारी प्राप्त कर महिला से छेड़छाड़ करने वाले युवक को दबोच लिया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राहुल सक्सेना पुत्र रामेश्वर सक्सेना निवासी लाइनपार संजय नगर हाथी खाना, लाल कुआं बताया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई वन्दना चौहान, कॉन्स्टेबल सुरेश प्रसाद व तरुण मेहता शामिल थे।



# घर में घुसकर महिला से की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मामूली विवाद में कुछ लोगों ने प्रीत विहार कालोनी में एक घर में घुसकर महिला से मारपीट की और धमकी देकर वहां से चले गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में रेखा पत्नी आयुब सिपाई बेग निवासी प्रीत विहार फेस-1 फाजलपुर महरौला ने कहा है कि 15 मार्च की रात्रि वह अपने बच्चों के साथ पर में अकेली थी। इस दौरान रामअवतार निवासी वार्ड 24 रम्पुरा , उसके साथ आशा राम, कमलेश, भूरा, सोनू निवासीगण प्रीत विहार फेस-2 व अन्य अज्ञात व्यक्ति उसके घर में जबदस्ती घुस गये और उसके साथ अभद्र व्यवहार गाली गलौच कर हाथापाई की। हमलनावरों ने उसे व उसके भाई को जान से मारने व बच्चों को उठाने की धमकी दी। उसका कहना है उसका भाई अनिल, राम अवतार के यहां पर बतौर किरायेदार के रूप में विगत 7 माह से निवास कर रहा है। जिसके द्वारा किराये का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। बिजली के बिल को लेकर भाई की कहासुनी हुई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।








# भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के जन्मदिन ने रचा इतिहास

## सैकड़ों केक काटकर लोगों ने दी जन्मदिन की बधाई

गदरपुर। भले ही गुँजन सुखीजा को भाजपा जिला काशीपुर के अध्यक्ष बने कुछ ही समय हुआ हो लेकिन थोड़े ही समय मे क्षेत्रीय जनता के दिलो पर उनके मधुर व्यवहार का जलवा सर चढ़कर बोलने लगा है।इतना ही नही क्षेत्रीय जनता ने 100 से ऊपर केक काटकर भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा का जन्मदिन मनाया। भाजपा जिला काशीपुर के 13 मंडलो में अलग-अलग कार्यक्रम किये गए। कहीं मरीजो को फल वितरित किये गए तो कही छोटे छोटे बच्चों को पुस्तक व पेंसिल दिए गए। कहीं हनुमान चालीसा का पाठ कर जिलाध्यक्ष की दीर्घायु की काँमना की गई तो कही सुंदर कांड का पाठ किया गया।जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर जहां एक और सामाजिक संगठनों राजनैतिक व धार्मिक संगठनों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया तो कही अराजनैतिक संगठनों ने भी जन्मदिन को मनाया। ग्रामीण क्षेत्रो से लेकर नगर क्षेत्रो में नगरीय क्षेत्र तक हर जगह भाजपामय माहौल में जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा का जन्मदिन मनाया गया।कही ढोल नगाड़ों के साथ टोलियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तो कही डीजे बाजाकर जन्मदिन मनाया गया।इतना ही नही नगर के सनातन धर्म मंदिर में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का योजन किया गया जिसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ सोनू विश्वास की पूरी टीम ने रेड क्रॉस सोसाइटी के बैनर तले अपनी सेवाय देते हुए श्री कृष्णा ब्लड बैंक काशीपुर को 60 से अधिक रक्त एकत्रित कराया। वहीं क्षेत्र के प्रतिष्ठित अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया व जुगनू हुड़िया द्वारा 42 पौधरोपण कर रंग बिरंगे फूलों की चमक व खुशबू की तरह चमकते व महकते जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आधा दर्जन से अधिक केक काटकर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के जन्मदिन को मनाया वही मुख्य बाजार में गुंजन सुखीजा के पहुंचने पर सती मठ मंदिर समिति डॉ प्रमोद एवं वरिष्ठ व्यापारी रमन छाबड़ा द्वारा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन को मनाया गया। मुख्य बाजार में भाजपा जिलाध्यक्ष के पहुंचने पर जय श्री राम के नारों से पूर्ण नगर गुंजायमान हो गया साथ ही मिठाई एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश गुंबर गोपी द्वारा पगड़ी पहनाकर एवं मिष्ठान वितरण कर जिलाध्यक्ष के जन्मदिन को मनाया। नगर में जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के जन्मदिन पर जगह जगह पुष्प मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया तो उधर जिलाध्यक्ष के कार्यालय पर सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने सैकड़ो की संख्या में केक काटकर जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा को जन्मदिन की बधाई दी। जसपुर,महुआडाबरा, नादेही, काशीपुर ,काशीपुर देहात, बाजपुर, गदरपुर, केलाखेड़ा,दिनेशपुर ,रुद्रपुर आदि जगहों से भाजपा कार्यकर्ताओं का ताता लगा रहा।। साथ ही कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार के नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओ ने केक काटकर उनके जन्मदिन पर बधाई दी साथ ही बाल्मीकि समाज के बुजुर्गों ने पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष को पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी अपने मधुर व्यवहार से हर किसी को सम्मान देते हुए मुलाकात की।तो सोशल मीडिया पर भी भाजपा जिलाध्यक्ष छाए नजर आए।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फिकार अली द्वारा केक काटकर जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया वही अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओ के साथ मिष्ठान वितरण कर जिलाध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी। रुद्रपुर विधानसभा विधायक शिव अरोरा से लेकर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं,विधायको व मंत्रियों ने भी फोन के माध्यम से जिलाध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष गुजन सुखीजा ने क्षेत्रीय जनता का आभार प्रकट करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से मिली शुभकामनाओं के लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद अर्पित किया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम लाल सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, विनोद भुसरी, विजय सुखीजा, कपिल गण्डा, नरेंद्र सिंह ग्रोवर, नैब सिंह धालीवाल, प्रमोद गगनेजा, प्रमोद बजाज, संजीव अनेजा, सुभाष गुंबर, टीकम खेड़ा, स्वदेश डंग, रविंद्र वीर सिंह, परमजीत सिंह, भोला शर्मा, गौरव मदान, अमित नारंग, चिंतन अरोरा, डॉ विनीत अरोरा, सोनू विश्वास, लवली हुडिघ्या, निपुण गगनेजा, हैप्पी चंद्रा, राजेश गुंबर मिनी, राजकुमार भुड्डी, नरेश हुडिघ्या, सतीश छाबड़ा, रमन छाबड़ा, मयंक सपरा, राजकुमार सिंधी, सुभाष खुराना, अशोक छाबड़ा, प्रेम सचदेवा, राजेश डाबर, मनोज डाबर, जोगा सिंह, अजैब सिंह धालीवाल, ओमप्रकाश गरीबदास, सतीश चुघ, अशोक हुडिघ्या, अनिल जेटली, कृष्ण सुधा, अभिषेक गुंबर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा जोशी, पूनम ग्रोवर, कुलवीरी चौधरी, मानसी शर्मा, ज्योति शर्मा, गीता अनेजा, लक्ष्मी चौहान, रेखा गुप्ता, नगर पंचायत दिनेशपुर की अध्यक्ष सीमा सरकार, रेनू, चंद्रिका फोगाट, पूजा जिंदल, कविता नेगी, दीपा चौहान, प्रमिला सक्सेना सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल हूं। (ADVT.)





